**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1937**

**जिसका उत्तर 11 फरवरी, 2026 को दिया जाना है**

# तमिलनाडु को कोयले की आपूर्ति

**1937. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तमिलनाडु को वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में कुछ उत्तरी राज्यों की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत कम कोयले की आपूर्ति हुई थी जबकि उसकी बिजली की आवश्यकताएँ अधिक थीं;

(ख) यदि हाँ, तो 2025-26 के दौरान राज्यवार कोयले के आवंटन और आपूर्ति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि घरेलू आपूर्ति में कमी के कारण तमिलनाडु में कोयले का आयात और बिजली की लागत बढ़ गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या तमिलनाडु की परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित कोयला गैसीकरण और स्वच्छ कोयला योजनाओं के तहत लगभग 1,500 करोड़ रुपऐ की धनराशि अभी तक जारी नहीं की गई है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तमिलनाडु सहित दक्षिणी राज्यों को कोयले का समान वितरण और समय पर स्वच्छ ऊर्जा वित्तपोषण सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) : चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2025) के दौरान तमिलनाडु राज्य में घरेलू कोयला आधारित (डीसीबी) बिजली संयंत्रों को घरेलू कोयले की प्राप्ति लगभग 6.42 मि.ट. (7184 मेगावाट) थी, जबकि हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों के लिए क्रमशः 3.8 मि.ट. (5330 मेगावाट), 4.5 मि.ट. (5680 मेगावाट), 6.9 मि.ट. (8900 मेगावाट) और

26 मि.ट. (30015 मेगावाट) थी। इस प्रकार यह देखा गया है कि तमिलनाडु राज्य में स्थित डीसीबी संयंत्रों को घरेलू कोयले की प्राप्ति प्रति यूनिट संस्थापित क्षमता प्राप्ति के मामले में अधिक रही है।

वर्ष 2025-26 (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान घरेलू कोयला आधारित (डीसीबी) पर घरेलू कोयले की प्राप्ति का राज्यवार और तिमाहीवार विवरण **अनुबंध-I** के रूप में संलग्न है।

(ग) : वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2025-26 (दिसंबर 25 तक) तक तमिलनाडु राज्य में स्थित डीसीबी में कोयले (घरेलू और आयातित) की प्राप्ति का विवरण निम्नानुसार है:

| | **कोयले की प्राप्ति (मि.ट.)** | | | **% आयातित कोयला का हिस्सा** |
|---|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष | **घरेलू** | **आयात किया गया** | **कुल** | |
| 2022-2023 | 30.8 | 2.2 | 33.0 | 6.7% |
| 2023-2024 | 30.4 | 1.9 | 32.3 | 5.9% |
| 2024-2025 | 29.6 | 1.5 | 31.1 | 4.8% |
| 2025-2026 (अप्रैल-दिसंबर) | 19.6 | 0.6 | 20.2 | 3.0% |

यह देखा जा सकता है कि कुल कोयला प्राप्ति में आयातित कोयले का हिस्सा कम होता रहा है।

(घ) और (ङ) : कोयला गैसीकरण और स्वच्छ कोयला स्कीमों के अंतर्गत तमिलनाडु अथवा किसी अन्य राज्य सरकार के लिए कोई निधियां निर्धारित नहीं की जाती हैं। परियोजना प्रस्तावकों द्वारा प्रस्तुत कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं पर दिनांक 24.01.2024 को शुरू की गई वित्तीय प्रोत्साहन स्कीम के तहत सहायता के लिए विचार किया जाता है। वर्तमान में, तमिलनाडु सरकार या इसकी एजेंसियों से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अलावा, कोयला मंत्रालय की विभिन्न नीतियों और दिशानिर्देशों के तहत देश में कोयले का वितरण किया जाता है।

अनुबंध-I

| राज्य का नाम | क्षमता (मेगावाट) (31.12.2025 तक) | घरेलू कोयले की प्राप्ति (आंकड़े '000 टन में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही 1 (अप्रैल-जून 2025-26) | तिमाही 2 (जुलाई-सितंबर 2025-26) | तिमाही 3 (अक्टूबर-दिसंबर 2025-26) |
| हरियाणा | 5330 | 4485 | 4390 | 3772 |
| पंजाब | 5680 | 5418 | 4936 | 4513 |
| राजस्थान | 8900 | 8235 | 6801 | 6890 |
| उत्तर प्रदेश | 30015 | 29837 | 25169 | 25985 |
| छत्तीसगढ़ | 24093 | 30339 | 27150 | 29645 |
| गुजरात | 4372 | 3971 | 3334 | 2174 |
| मध्य प्रदेश | 21170 | 22571 | 21299 | 23483 |
| महाराष्ट्र | 22266 | 22941 | 20220 | 23418 |
| आंध्र प्रदेश | 12290 | 12405 | 12166 | 11915 |
| कर्नाटक | 7420 | 6375 | 3496 | 6444 |
| तमिलनाडु | 7184 | 6306 | 6879 | 6425 |
| तेलंगाना | 11043 | 9859 | 7804 | 8791 |
| बिहार | 10170 | 10137 | 8944 | 10950 |
| झारखंड | 7030 | 5645 | 5616 | 7771 |
| ओडिशा | 9950 | 13310 | 11418 | 13470 |
| पश्चिम बंगाल | 13235 | 15040 | 13922 | 15066 |
| असम | 750 | 671 | 668 | 646 |
| **कुल** | **200897** | **207545** | **184211** | **201358** |

*****